हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 11 दिसंबर 2024 समय 1810

- हरियाणा सहित विश्वभर में गीता जयंती मनाई जा रही है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता के हर श्लोक में एक नया दृष्टिकोण है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि कुरुक्षेत्र का थीम पार्क अब केशव पार्क के नाम से जाना जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली मेंराष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के लिए जान जागृति पैदा करने पर बल दिया।
- आज अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया गया। दो बार माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली ममता सौदा ने युवाओं से पर्वतों को सुरक्षित करने में सहयोग देने का आह्वान किया।

हरियाणा सहित आज देशभर में गीता जयंती मनाई जा रही है। आज ही के दिन भगवन श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। कुरुक्षेत्र के भीम पार्क में आज सुबह 11 बजे अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का समारोह प्रारम्भ वैश्विक गीता पाठ से हुआ।

वैश्विक गीता पाठ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ,स्वामी चितानन्द जी और तंजानिया के मंत्री ,पिंडी हज़ार चन्ना ने भाग लिया। दिन में 12 बजे करीब अष्टाध्यक्ष श्लोकी गीता पाठ का आयोजन किया गया जिसमें हज़ारों की संख्या में विद्यार्थी व आमजन ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और श्री मनोहर लाल भी गीता जयंती के कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी को गीता जयंती की बधाई दी और कहा कि गीता के हर श्लोक में एक नया दृष्टिकोण है उन्होंने कहा

बाइट सीएम

....................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज घोषणा की कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित थीम पार्क अब केशव पार्क के नाम से जाना जाएगा। इसका उद्देश्य भारत में महान धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और अधिक संरक्षित और बढ़ावा देना है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में वैश्विक गीता पाठ में भाग लेने वाले स्कूली छात्रों के लिए गुरुवार को विशेष अवकाश की भी घोषणा की।

*****************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 45 व्यक्तियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण भी किया गया। मंत्रालय ने कहा है कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

*****************************************************************

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज करनाल और कुरुक्षेत्र के दौरे के दौरान लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है।

उन्होंने अपना अनुभव साँझा करते हुए कहा कि चुनावों में व्यस्त रहने से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी, कर्मचारी सबका समय बर्बाद होता है और सारे विकास कार्य ठप हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन करके सभी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव 5 साल में एक बार एक साथ कराए जाने के लिए जनजागृति पैदा करनी चाहिए।

*****************************************************************

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यदि सदन में आम सहमति हो तो सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता - एआई को शासित करने के लिए कानून बनाने के लिए तैयार है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नैतिकता आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कानूनी रूपरेखा के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर विश्वास करती है और इसने गरीब से भी गरीब लोगों के हाथों में प्रौद्योगिकी दी है। उन्होंने कहा कि देश में व्यापक इंडिया एआई मिशन शुरू किया गया है।

*****************************************************************

आज अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस विश्व भर में मनाया जा रहा है। यह दिन पहाड़ों को वनों की कटाई, खनन, जलवायु परिवर्तन और अस्थिर पर्यटन जैसे गंभीर खतरों से बचाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है। इस बार इस दिवस का थीम एक स्थायी भविष्य के लिए पर्वतीय समाधान नवाचार अनुकूलन और युवा है।अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर आकाशवाणी समाचार ने दो बार माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली हरियाणा की पहली नागरिक ममता सौदा से बातचीत की। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे जाकर नए नवाचारों की सहायता से पर्वतों को सुरक्षित करने में भी सहयोग देना होगा।

यह दिवस इस बात पर भी जोर देता है कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी दुनिया भर के कई लोगों के लिए पहाड़ कितने महत्वपूर्ण हैं।

*****************************************************************

आज जींद जिले के जुलाना उप मंडल के गांव नंदग□ के समीप सुदंर ब्रांच नहर में रिसाव हो गया जिससे साथ लगते करीब 300 एकड़ फसल में जल भराव हो गया। पानी साथ लगते गांव नंदग□ की आबादी में पहुंच गया।जुलाना के एसडीएम

अनिल कुमार ने बताया कि प्रशासन ने मामले की सूचना मिलते ही तुरंत नहर के पीछे से बंद करवाया और पानी की निकासी के लिए पंप लगवाए गए तथा पानी के बहाव के रुख को अन्य माइनर की और करवाया गया । ग्रामीणों ने भी बताया कि नहर के टूटने से उनकी फसलों में भारी नुकसान हुआ है।

*****************************************************************

हरियाणा सरकार ने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम की तीन नई सेवाएं अधिसूचित की हैं। सरकार ने डी-मार्ॅगेज हेतु अनुमति जारी करने के लिए दो दिन की समय-सीमा निर्धारित की है। अब अंतरिम हस्तांतरण पत्र (पी.टी.एल.) 45 दिन तथा अन्तिम हस्तांतरण पत्र (एफ.टी.एल.) 7 दिन के अन्दर जारी करना होगा।संरचना में परिवर्तन के लिए 15 दिन तथा भूखंड द्विभाजन के लिए 40 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।